चारमंजिला अवैध इलेक्ट्रोप्लेटिंग फैक्टरियों पर छापा
70 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी

- दो अलग– अलग ट्रांसफॉर्मरों से ले रखी थी डबल सप्लाई

नई दिल्लीः 29 जुलाई, 2011। दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर, बीवाईपीएल टीम ने दरियागंज स्थित दो इलेक्ट्रोप्लेटिंग फैक्टरियों पर छापा मारा, और 70 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी। ये फैक्टरियां पास से गुजर रही बीएसईएस की तारों पर कटिया डालकर, बिजली की सीधी चोरी कर रही थी। यही नहीं, तकनीक का इस्तेमाल करते हुए, फैक्टरी मालिकों ने दो अलग–अलग ट्रांसफॉर्मरों से बिजली की डबल सप्लाई ले रखी थी। बिजली चोरी करने के लिए वहां टू कोर केबल्स का इस्तेमाल किया जा रहा था, जो कितना भी बिजली लोड खींचने पर जलती नहीं है।

इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के प्रावधानों के तहत, दोनों इलेक्ट्रोप्लेटिंग फैक्टरियों पर कुल 25 लाख रूपये का जुर्माना किया गया है। यदि तय समय पर जुर्माने का भुगतान नहीं किया जाता है, तो फैक्टरी मालिकों पर बिजली की स्पेशल कोर्ट में मामला दर्ज कर मुकदमा चलाया जाएगा।

दरियागंज की एक तंग गली के संकरे मकान में चल रहीं इन फैक्टरियों में योजनाबद्ध तरीके से बीवाईपीएल ने छापेमारी की। विरोधी पक्षों की ओर से हमले की आशंका को देखते हुए बीवाईपीएल टीम ने दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया। गौरतलब है कि ये फैक्टरियां चारमंजिला थीं।

दरअसल, दरियागंज इलाके में अवैध तरीके से चल रहीं इलेक्ट्रोप्लेटिंग फैक्टरियों की वजह से न सिर्फ बिजली कंपनी को भारी घाटा उठाना पड़ रहा है, बल्कि इलाके के लोगों को भी आए दिन बिजली गुल, शॉर्ट सर्किट, स्पार्किंग और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अनुमान है कि सिर्फ दरियागंज में ही करीब 50– 70 अवैध इलेक्ट्रोप्लेटिंग फैक्टरियां चल रही हैं। आने वाले दिनों में अवैध इलेक्ट्रोप्लेटिंग फैक्टरियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। ये अवैध फैक्टरियां इलाके के लोगों की सुरक्षा के लिए भी एक बड़ा खतरा हैं।

पिछले पांच साल के दौरान दरियागंज इलाके में बीवाईपीएल 5500 छापेमारी कर, 31000 किलोवॉट बिजली की चोरी पकड़ने में कामयाब हुई है। यदि पूरे बीएसईएस इलाके की बात करें, तो पिछले 8 साल के दौरान बीएसईएस ने 11 लाख किलोवॉट के अधिक बिजली की चोरी पकड़ी है। एक साल के भीतर बीएसईएस ने 11 लाख किलोवॉट बिजली की चोरी पकड़ी और 1.7 लाख लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करेंः प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870 / 9312007822

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999415 / 9350130304